तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

11 जनसमस्या निवारण शिविर के आवेदनों को प्राथमिकता से करें ...



10 फाइलेरिया मुक्त अभियान : घर-घर पहुंच रहीं ...



## खबर संक्षेप

### स्कूल परिसर में स्वीपर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बालोद।** शासकीय स्कूल में स्वीपर का काम करने वाले व्यक्ति ने रविवार के दिन स्कूल के कक्षा में जाकर फांसी लगा ली। जिसकी जानकारी ग्रामीणो ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस आगे की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम खुदनी में शासकीय प्राथमिक शाला में स्वीपर के पद पर कार्य करने वाले यादराम धुरव 51 वर्ष रविवार को दोपहर बाद घर से स्कूल का चाबी लेकर निकला, जब व्यक्ति शाम तक घर नही पहुंचा तो व्यक्ति की बेटी अपने पिता की खोजबीन करते स्कूल पहुंची जहां बच्ची ने प्राथमिक शाला के कक्षा 4वीं की कक्षा में पंखे से लटकते अपने पिता को देखकर इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणो को दी। जिसके बाद परिजन व ग्रामीण स्कूल पहुंचे तथा पुलिस को जानकारी दी। जहां पुलिस के पहुंचने के बाद देर शाम तक शव को फंदे से उतारा गया तथा पुलिस द्वारा शव का पंचनामा तैयार करने के बाद शव को गुरूर अस्पताल भेजा गया जहां देर रात होने के कारण गुरूर स्थित मरच्यूरी में रखा गया था जहां सोमवार को शव का पीएम किया गया। वही व्यक्ति ने अपना भरा पूरा परिवार होने के बाद भी ऐसा कदम क्यो उठाया इसकी जांच में पुलिस जुट गई है। पुलिस जांच के ही बाद व्यक्ति द्वारा उठाए गए कदम का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### धारदार हथियार की डिलीवरी, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** ऑनलाइन धारदार हथियार की डिलीवरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि ग्राम पुरई में आरोपी लावन्य उर्फ लवन यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर तोषण यादव, अन्य युवकों के साथ धारदार हथियार से मारपीट कर चोट पहुंचाया। उतई पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि धारदार हथियार मीसो ई-कॉमर्स ऑनलाइन मार्केट प्लेटफॉर्म से हथियार को ऑर्डर कर वाल्मो कोरियर एजेंसी उतई द्वारा 3 जनवरी को आरोपी को डिलीवर किया गया था। कोरियर एजेंसी संचालक द्वारा प्रतिबंधित सामग्री होने की जानकारी के बाद भी डिलीवरी कर्मी के माध्यम से पार्सल सौपा और 245 रुपए नगद लिया था।

### बोरसी में प्राणघातक हमला, आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** बोरसी वार्ड 51 में महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारा कार्यक्रम हो रहा था। इस दौरान पुरानी रंजिश के चलते युवक ने अपने पड़ोसी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बोरसी वार्ड 15 निवासी सुमन मारकण्डे से आरोपी युवक दरवाजा खोलने को लेकर विवाद करने लगा। विवाद के बाद पीड़िता के पति शिवनंदन मारकण्डे के पेट में धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गया।

# राजहरा माइंस हॉस्पिटल की बदहाल व्यवस्था पर मजदूर संघ का हस्तक्षेप, प्रबंधन से मुलाकात कर रखी गईं मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा माइंस हॉस्पिटल में व्याप्त अव्यवस्थाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं की गिरती स्थिति को लेकर संयुक्त खदान मजदूर संघ (एटक) दल्ली राजहरा का प्रतिनिधिमंडल खदान के मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवार से मिला।

- प्रबंधन से मुलाकात कर रखी गईं श्रमिक हित से जुड़ी अहम मांगें

प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल की मौजूदा हालात पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र और ठोस समाधान की मांग रखी। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि बीते लगभग 15 दिनों से अस्पताल में ब्लड टेस्ट की मशीन खराब पड़ी हुई है, जिसके कारण कर्मचारियों और उनके परिजनों को आवश्यक जांच के लिए बाहर जाना पड़ रहा है।

इससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। इस स्थिति को श्रमिकों के स्वास्थ्य अधिकारों के साथ अन्याय बताया गया। प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल में महिला एवं पुरुष ड्रेसर की तत्काल भर्ती, अटेंडेंट और नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति, साथ ही मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर की शीघ्र पोस्टिंग की मांग प्रमुखता से रखी। संघ का कहना था कि खदान क्षेत्र में कार्यरत हजारों श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ, संसाधन और आधुनिक सुविधाएं होना अनिवार्य है।

## राजहरा माइंस हॉस्पिटल की बदहाल व्यवस्था पर संयुक्त खदान मजदूर संघ का सशक्त हस्तक्षेप



### आश्वासन दिया

मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवार ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रबंधन पक्ष की ओर से चर्चा में नीतीश छतरी, एच.आर. विभाग से मंडरिया, एस. पटनायक, लेबर ऑफिसर मुरली चंद्राकर तथा राजहरा माइंस हॉस्पिटल के इंचार्ज अमित पांडे शामिल रहे। यूनियन की ओर से कमलजीत सिंह मान, श्रीनिवासलू, राजेश कुमार साहू, हंस कुमार, उमेश कुमार, ओम प्रकाश शर्मा, राजकिशोर मोहंती, मसालेद्दीन, नरेंद्र जनबंधु, सुमित साहू, आर.बी. सिंह, राजीक खान, जितेंद्र कुमार, महेश शर्मा, जीवन, केवट, निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। यह मुलाकात न केवल अस्पताल की अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाली रही, बल्कि श्रमिकों के स्वास्थ्य अधिकारों की रक्षा के लिए एक संगठित और मजबूत पहल के रूप में भी देखी जा रही है।

## सख्ती : 94 शराब पीकर वाहन चलाने वाले न्यायालय में पेश

# बालोद में यातायात नियमों पर सख्ती, डेढ़ माह में 15.67 लाख रुपये की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम जनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से यातायात बालोद एवं सभी थाना, चौकी प्रभारीयों द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन चलाने पर विशेष अभियान चलाकर लगातार जागरूकता अभियान एवं कार्यवाही की जा रही है।

- शराबी चालकों के लाइसेंस निलंबन की भी कार्रवाई की

इस विशेष अभियान के दौरान विगत डेढ़ माह में यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले 2569 वाहन चालकों से 15,67,400 रूपये चालानी कार्यवाही की गई है, जिसमें मुख्य रूप से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 94 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर 9,68,000 का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले 151 वाहन चालकों पर 80,000 की चालानी कार्यवाही की गई है। ज्ञात है कि शराब सेवन कर वाहन चलाने पर प्रथम अपराध में 10,000 जुर्माना एवं 06 माह की कारावास एवं द्वितीय अपराध पर 15,000 जुर्माना एवं 02 साल तक की सजा का प्रावधान है।



बालोद पुलिस द्वार शराब पीकर वाहन चलाने वाले सभी वाहन चालकों का लायसेंस सस्पेंड करने के लिए संबंधित परिवहन विभाग को पत्र जारी कर लायसेंस 06 माह के लिए सस्पेंड किया जा रहा है। द्वितीय बार शराब पीकर वाहन चलाते पाएं जाने से वाहन चालक का लायसेंस हमेशा के लिए निरस्त किया जाना है।

यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील किया जा रहा है की शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले, हमेशा यातायात नियमों का पालन करे।

यातायात पुलिस बालोद ने आम नागरिकों से अपील की है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

# सड़क हादसे में घायल युवक का उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



थाना अंडा क्षेत्र अंतर्गत रिसामा रोड पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान शेखर निर्मलकर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम रिसामा के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17 फरवरी के प्रातः लगभग 11:30 बजे शेखर निर्मलकर अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से रिसामा रोड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद तत्काल उन्हें जिला अस्पताल दुर्ग में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान शेखर निर्मलकर की मृत्यु हो गई। मामले में विधिवत पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। थाना अंडा प्रभारी पारस ठाकुर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की टीम जांच में जुटी हुई हैं।

## डीसीएस सर्वे कार्य की मजदूरी नहीं मिलने पर कलेक्टर जनदर्शन में की शिकायत

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के ग्राम रेंघई निवासी प्रीतम कुमार साहू ने शासन की नीति के तहत डीसीएस सर्वे कार्य किया था। जिसकी मजदूरी राशि का भुगतान नहीं होने पर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि उन्होंने खरीफ वर्ष 2025-26 में डीसीएस सर्वे का कार्य किया था। सर्वे के दौरान उन्हें विभिन्न गांवों में जाकर किसानों से संपर्क कर फसल संबंधी जानकारी एकत्रित करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि सर्वे कार्य को कई माह हो जाने के बावजूद आज तक लगभग 10,500 रुपये की मजदूरी राशि का भुगतान नहीं किया गया है। संबंधित विभाग से संपर्क करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने पर उन्होंने कलेक्टर से हस्तक्षेप कर शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 बीएलसी की राशि अटकी, ब्लॉक कांग्रेस ने किया हस्तक्षेप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (2.0 बीएलसी) के हितग्राहियों को बीते तीन महीनों से स्वीकृत राशि का भुगतान नहीं होने से निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ था। आर्थिक संकट से जूझ रहे गरीब परिवारों के अधूरे आशियाने गंभीर सामाजिक समस्या बन चुके थे। इसी मुद्दे को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने निर्णायक कदम उठाते हुए प्रशासन के समक्ष सशक्त हस्तक्षेप किया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतिराम कोसमा के नेतृत्व में मंडल अध्यक्षों व कांग्रेस पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल नगरपालिका कार्यालय पहुंचा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी की अनुपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने इंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय एवं सब-इंजीनियर शहबाज से मुलाकात कर स्पष्ट शब्दों में कहा कि राशि के अभाव में गरीब परिवारों का घर अधूरा पड़ा है।

### 19 हितग्राहियों को शीघ्र भुगतान का आश्वासन

मामले की गंभीरता को देखते हुए इंजीनियरों ने तत्काल दूरभाष पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी से चर्चा की। वार्ता के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि प्रथम चरण में 19 चिन्हित हितग्राहियों की रुकी हुई राशि शीघ्र स्वीकृत कर सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इस आश्वासन के बाद हितग्राहियों में राहत की उम्मीद जगी है।

**प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से शामिल:** रतिराम कोसमा अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,चंद्र प्रकाश सिन्हा मंडल अध्यक्ष,विवेक मसीह - मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद शर्मा जिला पदाधिकारी अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार से आईएएस तक का सफर, वीरेंद्र बहादुर पंचभाई ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर के पूर्व तहसीलदार रहे वीरेंद्र बहादुर पंचभाई ने नायब तहसीलदार रैंक से भारतीय प्रशासनिक सेवा तक का ऐतिहासिक सफर तय कर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक जगत के लिए एक प्रेरणादायी मिसाल कायम कर दी है। जैसे ही उनके आई ए एस अवार्ड की स्वीकृति की खबर सामने आई। दल्लीराजहरा शहर में उत्साह और गर्व का माहौल बन गया। नगरभर में बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया, लोग इसे दल्लीराजहरा के लिए सम्मान का विषय बता रहे हैं। दल्लीराजहरा में तहसीलदार के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान पंचभाई ने प्रशासन को जनसेवा का सशक्त माध्यम बनाया। शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और नगर की आवागमन व्यवस्था को व्यवस्थित करने में उनकी भूमिका आज भी लोगों के बीच उदाहरण के रूप में याद की जाती है। उनका प्रशासनिक मॉडल सेवा, संवेदनशीलता और सख्ती के संतुलन का प्रतीक माना जाता है।

- जनसेवा का सशक्त मॉडल बना उनका कार्यकाल

### संघर्ष से सफलता तक की प्रेरक यात्रा

वीरेंद्र बहादुर पंचभाई ने अपने प्रशासनिक जीवन की शुरुआत वर्ष 1993 में अविभाजित मध्यप्रदेश में आरक्षित कोटे से नायब तहसीलदार के रूप में की थी। वे दुर्ग जिले के निवासी हैं।



प्रारंभिक सेवाएं: अभनपुर में नायब तहसीलदार व तहसीलदार,वर्ष 2010 राज्य प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति, रायपुर लंबे समय तक अपर कलेक्टर के रूप में सेवाएं। वर्तमान पदस्थापना: नारायणपुर में अपर लेक्टर,छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद यह पहला अवसर है। जब नायब तहसीलदार रैंक से कोई अधिकारी आई ए एस तक पहुंचा है। वीरेंद्र बहादुर पंचभाई का यह सफर साबित करता है कि सपने बड़े हों और इरादे मजबूत, तो इतिहास रचा जा सकता है। दल्लीराजहरा को ऐसे गौरवशाली व्यक्तित्व पर गर्व है, और छत्तीसगढ़ प्रशासन को एक ऐसा आई ए एस अधिकारी मिला है, जो सेवा, संवेदना और संकल्प का सच्चा प्रतीक है।

# ग्राम हल्दी में गोंडवाना गोंड महासभा का वार्षिक कार्यक्रम हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम हल्दी में आयोजित गोंडवाना गोंड महासभा आदिवासी समाज के वार्षिक कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने पारंपरिक नृत्य और बाजे–गाजे के साथ अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी महानायकों की पूजा अर्चना कर हुई।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपरा, संस्कृति और उनकी जीवनशैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपनी परंपराओं और प्रकृति के प्रति प्रेम के लिए जाना जाता है। समाज को अपनी इस अनूठी विरासत को संजोकर रखने के सांथ आने वाली पीढ़ी को भी उससे करा रही है।युवा पीढ़ी को इससे अवगत कराना अत्यंत आवश्यक है इससे वे अपनी संस्कृति का जा सकेंगे। चंद्राकर ने समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रें के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए हर संभव सहयोग करने का वादा किया। वार्षिक कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ जनों और पदाधिकारियों ने सामाजिक गतिविधियों और विकास कार्यों पर चर्चा की। सभी पदाधिकारियों ने समाज में एकता और शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए एक स्वर में कहा कि सामाजिक एकजुटता से ही विकास के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से ▶▶| शेष पेज 10 पर

## नासिक के श्री त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की तर्ज पर निर्मित धाम

# महाशिवरात्रि पर पांच दिनी रुद्र महायज्ञ और हुई प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लॉक के अंतिम छोर पर बसे धमतरी बालोद कांकेर जिला के सीमा पर स्थित ग्राम ओनाकोना में श्री त्रयंबकेश्वर धाम मंदिर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राह्मणों द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मंत्रे उपचार यज्ञों पूजन पश्चात प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इसके बाद से श्रद्धालु मंदिर पहुंच कर दर्शन कर सकेंगे।

इस मंदिर को त्रंबकेश्वर धाम जो कि महाराष्ट्र के नासिक मंदिर के स्वरूप में बनाया गया है, जहां मंदिर के गर्भ गृह में भगवान ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश पिंडी स्वरूप में विराजमान है। इनके साथ ही भगवान गणेश, कार्तिक, लक्ष्मी, पार्वती, ब्रह्मणी, कच्छप अवतार, कुबेर जी, धन्वंतरि जी, काल भैरव जी, पंचमुखी हनुमान जी, नंदी, लक्ष्मी यंत्र विराजित हैं। वर्ष 2004 में धमतरी जिले के तीरथ राज भूटान गड्डी एवं सूरज भूटान के द्वारा मंदिर की नींव रखी गई थी, इसके बाद से मंदिर निर्माण की प्रक्रिया के पश्चात वर्ष 2026 में मंदिर का पूर्ण निर्माण कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया, जिसमें गर्भ गृह में ब्रह्मा, विष्णु महेश तीनों एक साथ विराजमान है।



मंदिर संस्थापक तीर्थराज भूटान ने बताया कि मंदिर के प्रांगण में नवग्रह विराजित है, जो की शिवलिंग के रूप में स्थापित की गई है, जहां लोग कालसर्प दोष, मांगलिक दोष अनुष्ठान पूजन कराकर लाभ ले सकते हैं।

यह गांव एक पहाड़ी के नीचे स्थित है, यहां आने के लिए कच्चे रास्ते को पार करना पड़ता है, गंगरेल बांध का डुबान क्षेत्र होने की वजह से यह और भी ज्यादा खूबसूरत लगती है, यहां स्थानीय मछुआरों की ओर से बोटिंग की सुविधा भी आने वाले पर्यटकों को दी जाती हैं। मंदिर के संस्थापक तीरथराज फुटान ने बताया कि यह मंदिर महाराष्ट्र के नासिक स्थित श्री त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग धाम की तर्ज पर बनाया गया है, जहां मंदिर का नजारा नासिक के जैसा दिखता है, मंदिर निर्माण का उद्देश्य यही है कि गरीब परिवार जो आर्थिक स्थिति से कमजोर होने के कारण नासिक तीर्थ यात्र पर नहीं जा पाते वे यहां ओना कोना आकर दर्शन लाभ ले सकेंगे।

# जनदर्शन में पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनीं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज ग्राम चाराभांठा के ढाल सिंह ने दिव्यांग पेशन दिलाने, ग्राम पंचायत चिचबोड़ के सरपंच ने तालाब में घाट निर्माण एवं खेल के मैदान में बाउंड्री वॉल निर्माण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के पलारी निवासी दीपिका ने प्रसुति सहायता योजना का लाभ दिलाने, सोंहतरा की बेदबाई ने कृत्रिम पैर लगवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह ग्राम भानपुरी की जानकी बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ दिलाने, ग्राम मुड़खुसरा के राजेन्द्र कुमार इलाज हेतु आर्थिक सहायता दिलाने एवं बोडरा के शत्रुघनराम ने वृद्धापेंशन का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

## खबर संक्षेप



### महिला पर हथियार से हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** महिला के ऊपर प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि 15 फरवरी की शाम बैकुंठधाम मंदिर से पूजा कर घर लौट रही महिला के साथ इंदिरा चौक स्टेशन मरोदा के पास युवक ने धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर स्टेशन मरोदा निवासी योगेन्द्र कुमार यादव उर्फ छोटू उर्फ टायलेट को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का महिला से पुराना परिचय था। आरोपी पुरानी प्रताड़ना के कारण आक्रोशित होकर जान से मारने की नियत से महिला पर हमला किया। घटना में महिला के गर्दन, दाहिने हाथ की कलाई, गाल, पसली में गंभीर चोट आई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय दुर्ग में पेश किया गया।

### मरम्मत, जल प्रदाय आज प्रभावित रहेगा

**भिलाई।** मरोदा सेक्टर-एच पॉकेट के पास प्लांट को जाने वाली जल प्रदाय की मुख्य पाइपलाइन में बड़ा लीकेज हो गया है। इस पाइपलाइन का मरम्मत कार्य वाटर मैनेजमेंट विभाग द्वारा किया जा रहा है। पाइपलाइन के ऊपर अवैध निर्माण होने के कारण संधारण कार्य में विलंब होने से 17 फरवरी को पूरे टाउनशिप में जल प्रदाय प्रभावित रहेगा। बीएसपी प्रबंधन ने टाउनशिप के सभी निवासियों से जल के संयमित उपयोग और पर्याप्त पानी संरक्षित रखने की अपील की है।

### दिव्यांगजनों का निःशुल्क उपकरण वितरण 19 को

**भिलाई।** कलेक्टर दुर्ग द्वारा एनटीपीसी-सेल पावर कंपनी लिमिटेड के नियमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजनांतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर द्वारा दुर्ग जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण हेतु मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविर आयोजन करने पत्र जारी किया गया है। परीक्षण शिविर 19 फरवरी को सभागार कक्ष में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। शिविर में नगर निगम भिलाई, नगर निगम रिसाली, नगर पंचायत उतई, नगर पंचायत पाटन, जनपद पंचायत पाटन एवं आस-पास के क्षेत्र शामिल रहेगें। परीक्षण शिविर में नोडल/सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जिनके अधिनस्थ कर्मचारी शिविर का सफल संचालन करेंगे।

### 79 परीक्षा केंद्रों के प्रश्नपत्र थानों के स्ट्रॉन्ग रूम में कैद

**भिलाई।** दसवी और बारहवीं बोर्ड की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू हो रही है। बोर्ड के प्रश्नपत्रों का वितरण परीक्षा केंद्राध्यक्षों को किया गया। जेआरडी स्कूल से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों की मौजूदगी में प्रश्नपत्र केंद्राध्यक्षों के हवाले किया गया। रश्नपत्रों के सीलबंद पैकेट को बड़ी पेटियों में ताला जड़कर केंद्राध्यक्ष ले गए। वितरण केंद्र जेआरडी स्कूल के बाहर विभिन्न रूटों पर ले जाने के लिए बस का इंतजाम किया गया था।

## जागरूकता : सरकारी पहल, जनभागीदारी से मजबूत अभियान

# फाइलेरिया मुक्त अभियान : घर-घर पहुंच रहीं मितानिनें, दवा सेवन से दी जा रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

फाइलेरिया मुक्त समाज के संकल्प को साकार करने के लिए जिले में व्यापक अभियान तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। ग्राम पंचायत पेंडरवानी सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मितानिन कार्यकर्ताएं घर-घर पहुंचकर न केवल दवा पिला रही हैं, बल्कि लोगों को इस गंभीर रोग के प्रति जागरूक भी कर रही हैं। फाइलेरिया एक मच्छर जनित बीमारी है, जिससे पैरों व हाथों में सूजन (हाथीपांव) जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों की तरह बालोद जिला भी इससे प्रभावित क्षेत्रों में शामिल है।

राज्य शासन के निर्देश पर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को गंभीरता से लागू किया जा रहा है। सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम के तहत आईवरमेक्टिन, डीईसी और अल्बेंडाजोल टैबलेट घर-घर वितरित की जा रही हैं। इस अभियान में 18 जिलों के लगभग 1.58 करोड़ लोगों को





लक्षित किया गया है। उद्देश्य स्पष्ट है। रोग की जड़ पर वार और भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित बनाना।

### मितानिनों की सक्रिय भूमिका

ग्राम पंचायत पेंडरवानी और आसपास के क्षेत्रों में मितानिन दीदियां स्वयं उपस्थित रहकर लोगों को दवा का सेवन करवा रही हैं। दवा हाथों-हाथ खिलाने की प्रक्रिया से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति दवा फेंके नहीं और पूरा लाभ सभी तक पहुंचे। इससे लोगों का विश्वास बढ़ा है और पहले की तुलना में दवा न लेने की शिकायतें काफी कम हुई हैं।

**जागरूकता के साथ सुरक्षा के संदेश:** मितानिन कार्यकर्ता कमलेश्वरी साहू और पूर्णिमा सांवलकर जैसे जमीनी स्तर के योद्धा। वे केवल दवा वितरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि फाइलेरिया के लक्षण, मच्छरों से बचाव, स्वच्छता और नियमित दवा सेवन के महत्व को भी सरल भाषा में समझा रही हैं। अंधविश्वास और भ्रांतियों को धैर्यपूर्वक दूर कर लोगों को भरोसा दिलाया जा रहा है कि यह दवा सुरक्षित और आवश्यक है।

### स्वास्थ्य विभाग की निगरानी और प्रशिक्षण

अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मितानिनों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौडी के समन्वय से सुपरवाइजरों और स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी में कार्यक्रम संचालित हो रहा है। यह अभियान 10 से 28 फरवरी तक दो चरणों में चलेगा, जिससे जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया जा सके। **सामूहिक प्रयास से रोगमुक्त भविष्य की उम्मीद:** इस जनआंदोलन में मितानिन कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और समुदाय के लोग मिलकर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। शास्त्री नगर वार्ड क्रमांक 21 के जनप्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इंदु दास, मंगल साखरे, मीणा गड़े, इरफान परवीन, रुखसाना बेगम, लक्ष्मी पिल्ले सहित अनेक कार्यकर्ताओं का योगदान उल्लेखनीय रहा है।

# महाशिवरात्रि पर निकाली भगवान शिव की भव्य बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तालाब पारा स्थित शिव मंदिर प्रांगण से भोले बाबा की भव्य बारात बाजे-गाजे और डीजे की धुन पर निकाली गई। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त बराती बनकर शामिल हुए और पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा।

### धर्मप्रेमी संजय बैंस के नेतृत्व में हुआ शिव-पार्वती विवाह

शिव-पार्वती विवाह का आयोजन धर्मप्रेमी संजय बैंस के अगुवाई में संपन्न हुआ। तालाब पारा शिव मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्तजन पारंपरिक वेशभूषा में बराती बनकर शामिल हुए। 0 शिव झांकी और अघोरी नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

बारात में शिव झांकी और अघोरी नृत्य मुख्य आकर्षण रहे। झांकी में भगवान शिव के विभिन्न रूपों का सजीव चित्रण किया गया, जिसे देखने के लिए मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बरातियों का स्वागत विभिन्न चौक-चौराहों पर किया गया।

**द्वार पूजा के साथ संपन्न हुआ विवाह:** प्राचीन शिव मंदिर समिति के पुजारी लखन गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में आदर्श चौक और आजाद चौक के श्रद्धालु माता पार्वती के मायके पक्ष की भूमिका में मंडप सजाकर तैयार रहे। बारात के मंडप पहुंचते ही पुजारी लखन गिरी गोस्वामी द्वारा विधि-विधान से द्वार पूजा संपन्न कराई गई। नूतन बैंस, कंचन बैंस, तुलसी सिन्हा एवं गिरजा सिन्हा ने भगवान शिव की आरती उतारकर उन्हें विवाह मंडप तक ले जाया, जहां पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिव-पार्वती विवाह संपन्न हुआ।

**शिवमय माहौल में हुआ कार्यक्रम का समापन:** पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु शिवभक्ति में लीन नजर आए। आरती और भजन-कीर्तन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। महाशिवरात्रि के इस भव्य आयोजन ने क्षेत्र को पूर्णतः शिवमय बना दिया।

# ग्राम सिर्राभाटा में ग्रामीण स्तरीय कलार सिन्हा महोत्सव हुआ

## जिपं अध्यक्ष तारणी रहीं विशेष अतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सिर्राभाटा में ग्रामीण स्तरीय कलार सिन्हा महोत्सव का आयोजन सिन्हा समाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने पारंपरिक गाजे–बाजे और हर्षोल्लास के साथ अतिथियों का भव्य स्वागत किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी पुरानी परंपराओं और लोक संस्कृति को जीवित रखते हैं और समाज के सभी वर्गों को एकजुट करने का भी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि कलार सिन्हा समाज हमेशा से अपनी मेहनत और सामाजिक एकजुटता के लिए जाना जाता है।

अपनी संस्कृति, रीति–रिवाजों और सामाजिक ताने–बाने को सहेजकर रखना आज के दौर में बहुत जरूरी है। चंद्राकर ने समाज के प्रबुद्ध जनों और युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति और ग्रामवासियों की सराहना की। महोत्सव के दौरान समाज के लोगों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसने समां बांध दिया।

इस अवसर पर राजेश सिन्हा समाज सेवी, खेमराज सिन्हा, ओमप्रकाश सिन्हा, कमल सिन्हा, कन्हैया लाल सिन्हा, कुंजेश्वर सिन्हा, लिकेश्वर सिन्हा, दानी सिन्हा, महिला प्रमुख सरोज सिन्हा, भान बाई सिन्हा, वीणा सिन्हा, राकेश डहरे, पंकज सिन्हा, अमृता नन्द सिन्हा, बिशेश्वर साहू, शशि साहू देवीराम साहू सहित सिन्हा समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# बाजे-गाजे के साथ निकाली भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम धनोरा महावीर उद्यान पर गुंजा हर हर महादेव शिव शम्भू सोमवार शिव जी के वार सोमवार के दिन महावीर उद्यान पर रुद्राभिषेक लक्ष्मण बाबा जी बबलू गज्जू रायपुरीहा भोलू खिलेशवर गुलाब साहू जी के द्वारा एवं भगवान भुत भावन भोलेनाथ जी की आरती हवन पुजा अर्चना करके फिर खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया।

तत पश्चात भुत भावन भोलेनाथ जी की बाजे गाजे के साथ गली भ्रमण शोभायात्रा निकाली गई जोकि महावीर उद्यान से प्रारंभ होकर बजरंग पारा बाबा दरबार बाजार चौक मेन गली शितला पारा होते हुए गोल्डन चौक पहुंचे। जहां से महावीर उद्यान पहुंच कर फिर से भोलेनाथ गदाधारी हनुमान जी एवं शनि देव महाराज जी के आरती किया गया जगह जगह चौक चौराहे पर भगवान भोलेनाथ जी के आरती उतारें गए। हर-हर महादेव के नारे लगाते रहे पुरे गांव शिव मय हो गया।



लक्ष्मण बाबा जी ने गांव के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान विनोद साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू ,बबलू गज्जू , जीवराखन, योगेश साहू, भोलू ,खिलेशवर साहू वासुदेव सपरे ,बबिता साहू, ललिता यादव, सुनीता साहू मितानिन कौशिलया सेन, रुखमणि साहू, पार्वती मंडलिन प्रभा साहू, देवश्री अंजु देवांगन, संगीता सपरे उपसरपंच, टिकेशवरी साहू, लक्ष्मी साहू हितेश पटेल नीरा साहू मुंगा सपरे गीता देवांगन मंजू साहू पुष्पा देवांगन कु पुजा साहू कु वेदू साहू कु सुरुचि कु नेहा साहू आदि भक्त गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्रकांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

# बिना लाइसेंस के व्यापार करने और सड़क बाधा पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा बिना लाइसेंस के व्यवसाय करने एवं सड़को पर अवैध रूप से सामान रखकर सड़क बाधा करने वालो पर चालानी कार्यवाही का अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में जोन-1 नेहरू नगर स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी एवं उनकी टीम द्वारा वार्ड 17 आकाश गंगा के हिमालय काम्पलेक्स के पास प्रतिष्ठान में अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं पाये जाने एवं अवैध रूप से सड़क पर सामान रखकर आवागमन बाधित करने वालो पर चालानी कार्यवाही करते हुए समझाइश दी गई है। फूल किड्स के पास अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं पाये जाने पर 500 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। वहीं सड़क बाधा करने वाले नैनतारा ज्वेलर्स 2 हजार रुपये, एसएस पेपर्स 2 हजार रुपए एवं अरोरा टायर्स हाउस से 500 रुपए इस प्रकार कुल 5 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही की गई ।

# डीआईसी ट्रॉफी इंटर एलुमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में एनआईटी रायपुर विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन तथा क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल का सेक्टर 1 क्रिकेट स्टेडियम में हुआ। मुख्य अतिथि बीएसपी के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा व विशिष्ट अतिथि ईडी चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, राकेश कुमार, सीएमओ डां. उदय कुमार, सीजीएम रमेश गहरवार, सीजीएम तुषार कांत, एसके घोषाल, टी. दस्तीदार, त्रिभुवन बैठा,ओए सेफी व ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर महासचिव अंकुर मिश्रा, सहित कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, उपाध्यक्ष द्वय संतोष सिंह, रेमी थॉमस, उपाध्यक्ष-माइंस नीतेश छत्री, सचिव द्वय प्रहलाद मौर्या, अनु पी उपस्थित थे। श्री महापात्रा ने आने वाले समय में इस प्रकार की अन्य खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत करने के लिए स्पोर्टस डिपार्टमेंट व ओए-बीएसपी को निर्देशित किया। श्री बंछोर ने कहा कि 5 वर्षों से डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह परस्पर सम्पर्क का महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा है। सिका एवं एनआईटी रायपुर की टीमों के मध्य खेला गया।

# ऊर्जा प्रबंधन विभाग में सुरक्षा सप्ताह सक्रिय जोखिम पहचान पर विशेष बल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ऊर्जा प्रबंधन विभाग (ईएमडी) द्वारा 14 फरवरी तक सुरक्षा सप्ताह' का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चले इस आयोजन के माध्यम से विभाग की सामूहिक प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया, जिसका लक्ष्य "शून्य क्षति कार्यस्थल की परिकल्पना को साकार करना है। ऊर्जा प्रबंधन विभाग के विभिन्न अनुभागों के कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में सुरक्षित कार्य पद्धतियों को अपनाने तथा संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान कर उन्हें नियंत्रित करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि किसी भी घटना के घटित होने से पूर्व ही प्रभावी निवारक कदम उठाए जा सकें। सुरक्षा सप्ताह के दौरान जागरूकता और सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# सेल ने 200 लाख टन बिक्री का तय किया लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की वित्त वर्ष 2024-25 में बिक्री 179 लाख टन रही, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में इसे बढ़ाकर के लिए 200 लाख टन का लक्ष्य तय किया गया है।वित्तीय सूझबूझ का प्रयास वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के दौरान की अर्निंग्स कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान भी दिखाई दिया। लक्ष्य हासिल करने में भिलाई इस्पात संयंत्र का अहम योगदान होगा। निदेशक (वित्त) डॉ. एके पंडा ने उलब्धी को सेल की लंबी ऊंची छलांग बताते हुए कहा कि ऋण में कटौती महत्वपूर्ण रही है। इसमें अप्रैल-दिसंबर 2025 की नौ महीने की अवधि के दौरान 5 हजार करोड़ का ऋण चुकता किया गया है। पिछले साल 31 दिसंबर, 2025 तक ऋण 24,852 करोड़ था, जिसके बाद जनवरी 2026 में 2,000 करोड़ की और कमी आई। इस अनुशासित ऋण कटौती ने वित्त लागत को कम किया है और विकास निवेशों के लिए अवसर पैदा किए हैं। कंपनी की रणनीति ने पहले ही परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। कंपनी की सक्रिय मार्केटिंग पहलों और खुदरा एवं नए ग्राहक समूहों के साथ गहरे जुड़ाव के कारण वित्त वर्ष 2025-26 की नौ महीने की अवधि में बिक्री की मात्रा में 16.3% की वृद्धि दर्ज की गई है।

### नकदी प्रवाह को बढ़ाया

स्टील स्टॉक दोनों को कम करके, सेल ने नकदी प्रवाह को बढ़ाया है और कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को कम किया। इससे कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई।लागत कम करने के लिए ऑपरेशनल लिवर्स को भी तेज किया जा रहा है। सालाना मैनपावर में कमी से प्रति टन कार्मिक लागत दक्षता में लगातार सुधार हो रहा है। अधिक नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग से ऊर्जा व्यय में बचत हो रही है। कंपनी कर्ज कम करके, इन्वेंट्री की अधिक कुशलता से प्रबंधन करके और केंद्रित मार्केटिंग पहलों के मध्यम से अपनी पहुंच का विस्तार करके, विस्तारीकरण की तैयारी के साथ-साथ अपनी नींव को मजबूत कर रहा है।

## शहीद वीर जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

# पूर्व अर्धसैनिक कल्याण संघ ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि, कहा- 14 फरवरी बलिदान का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पूर्व अर्धसैनिक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ ने आयोजित कार्यक्रम में 14 फरवरी 2019 को शहीद हुए अमर वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। इसके बाद शहीद वीर जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम के दौरान जो शहीद हुए हैं उनकी ज़रा याद करो कुर्बानी, तुम भूल न जाओ उनको इसलिए सुनो ये कहानी गूंज रहा था। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष टेकराम साहू ने की। उपाध्यक्ष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष पवन तुलावी, सचिव कमलेश चौबे, उपकोषाध्यक्ष दिलीप खरे, मीडिया प्रभारी ज्ञानेश्वर पटेल, सलाहकार संतोष वर्मा, संरक्षक कल्याण वर्मा, नितीप्रकाश, कार्यकारिणी सदस्य विनोद शोरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शहीद के पुत्र को किया सम्मानित

इस अवसर पर 12 दिसंबर 2017 को शहीद हुए सहायक उपनिरीक्षक सोभाराम (छत्तीसगढ़ पुलिस) के सुपुत्र जितेंद्र कुमार को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि उस अदम्य साहस का अभिनंदन था जिसने मातृभूमि की रक्षा में सर्वस्व अर्पित कर दिया। मंच संचालन करते हुए संतोष वर्मा ने 14 फरवरी को पुलवामा आतंकी हमले की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी कोई साधारण तिथि नहीं, बल्कि शौर्य त्याग और बलिदान का प्रतीक दिवस है। तुम कितनी भी कयास लगा लो हम खून देने के लिए तत्पर हैं और बता दिए पूरी दुनिया को कि अर्ध सैनिक बल अपने शौर्य में पीछे नहीं है।



### एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है

अध्यक्ष टेकराम साहू, उपाध्यक्ष कुमार साहू एवं कोषाध्यक्ष पवन तुलावी ने अपने उद्बोधन में शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम में संघ की नई सदस्य करुणेश साहू एवं दासलीशा का सम्मान किया गया। वहीं, पवन साहू एवं योगेश वर्मा को कोर कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया। भावुक शब्दों में कहा-लहू से सींच कर धरती को अमर कहानी लिख गए, वतन की आन की खातिर हंसते-हंसते मिट गए।

### पुस्तक संगठन के कर्तव्य एवं उद्देश्यों का विमोचन

कार्यक्रम के दौरान संतोष वर्मा कृत संगठन के कर्तव्य एवं उद्देश्यों का विमोचन किया गया। साथ ही आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं गणमान्य सदस्य दासलिसा, करूनेश साहू, अमरसिंह वासनिक, बीआर साहू, उदय राम, मन्नू लाल, संत राम चौहान, जितेंद्र कुमार साहू, कुंजी लाल ठाकुर, नाम दास, जे बंजारे, अमरसिंह, सोनल नेताम, वाजिद अली खान, सीएल. चंद्राकर, अर्जुन सिंह, डोमार सिंह साहू, विजय देशमुख, जीपी गायकवाड़, पीआर यादव, गरीब राम यादव, नेम चंद्र, भुवन, एसके वर्मा की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी ऊंचा कर दिया।

# किराया वृद्धि से गुस्साए सैकड़ों रिटेंशनधारी सड़क पर उतरे, समर्थन में आए व्यापारी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की रिटेंशन योजना का किराया वृद्धि और स्कीम को बंद करने से गुस्साए सैकड़ों सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारी सोमवार को सड़क पर उतरे। टाउनशिप में रिटेंशनधारियों, व्यापारियों और समर्थकों की ऐतिहासिक जन जागरण बाइक रैली निकली । सभी सेक्टरों के प्रमुख मार्गों व बाजारों से निकली रैली में रिटेंशनधारियों ने प्रबंधन के निर्णय को कर्मचारी विरोधी करार देते हुए विरोध जताया और रिटेंशन स्कीम को पूर्ववत रखे जाने की मांग की। जल्द ऐसा नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। बीएसपी सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के बैनर तले पूर्व घोषणा के अनुसार दोपहर भव्य जनजागरण बाइक रैली निकली। दोपहर करीब दो बजे सेक्टर 10 सड़क 11 व 12 मैदान से सैकड़ों रिटेंशनधारी इकट्ठे हुए।

## पेज 9 का शेष

### ग्राम हल्दी में गोंडवाना ..

सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, अध्यक्ष छग गोंडवाना महासभा महिला प्रकोष्ठ जितेश्वरी पडोटी, अध्यक्ष सतनामी समाज भगत बंजारे, सरपंच भटगांव भारती साहू, अध्यक्ष सिन्हा समाज परशु राम सिन्हा, अध्यक्ष गोंड समाज धनेश्वर कतलाम, अध्यक्ष यादव समाज सन्तोष यादव, डोमन कतलाम, कुंजेश्वर ठाकुर, भागवत मंडावी, हिमाचल साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### चौलेश देशमुख ने 57वीं बार किया रक्तदान

**गुरूर।** नगर के समाज सेवी चौलेश देशमुख ने अपने जन्मदिन के अवसर पर ब्लड सेंटर धमतरी पहुंचकर 57वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा सभी लोगों को रक्तदान करना चाहिए, रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की शारीरिक हानि नहीं होती शरीर में ताजगी आती है।

### भारत-पाकिस्तान मैच में सट्टा खिलाने वाले 5 गिरफ्तार

**भिलाई।** भारत और पाकिस्तान को लेकर टी-20 क्रिकेट मैच में लाखों रुपए का ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्रीन चौक स्थित मकान में भारत-पाकिस्तान टी-20 क्रिकेट मैच पर बेखौफ तरीके से ऑनलाइन सट्टा संचालित करने की सूचना पर मकान में दबिश दिया। जहां से पुलिस ने ग्रीन चौक दुर्ग निवासी सुरेन्द्र सुलाखे उर्फ मोनू, अहमद नगर कैम्प 2 छावनी अंकित सोनी, मरार पारा चंद्रप्रकाश पटेल उर्फ सोनू, डोमन पटेल, शिवपारा दुर्ग राजा सोनकर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लैपटाप, 17 मोबाइल और नगदी 1.34 लाख रुपए जब्त किया है। कुल सामानों की कीमत 2.62 लाख 200 रुपए आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 4, 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 112(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है।

### प्लांट के अंदर हत्या, अभियुक्त को उम्र कैद

**दुर्ग।** छावनी थाना अंतर्गत मदर टेरेसा नगर निवासी बीएसपी में सेवारत जगतराम उइके की हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी जो-2 खुर्सीपार निवासी आर व्यंकटेश्वर राव (34 वर्ष) को आजीवन कारावास से दंडित किया। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। आरोपी को धारा 404, 201 में दो-दो साल की सजा सुनाई गई। साथ ही 500-500 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 1-1 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। प्रकरण के मुताबिक घटना 21 जुलाई 2021 की है। इससे पहले मदर टेरेसा निवासी ऋषभ उइके ने छावनी थाने में शिकायत की कि उसके पिता लापता हैं। बीएसपी में ड्यूटी जाने के नाम पर निकले थे। बाद में 21 जुलाई की दोपहर करीब साढ़े 3 बजे जगतराम उइके का शव क्रास्टर ग्रीस स्टेशन, एसएमएस-2 के पास मिला। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पता चला कि अंतिम बार दोनों को साथ देखा गया था। इसके बाद घटना कारित होने का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। केस के वितारण के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया।

## निधन

### शकुन बाई साहू



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह निवासी शकुन बाई साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जनपद उपाध्यक्ष गुरूर दुर्गानंद साहू की बड़ी बहन और पत्रकार देवधर साहू की बुआ थी।

**बैठक : विधानसभा प्रश्नों की जानकारी तत्काल प्रेषित करने के निर्देश**

# जनसमस्या निवारण शिविर के आवेदनों को प्राथमिकता से करें निराकरणः सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने जिले के प्रत्येक विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में आम जनता से प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चंद्रवंशी संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रशासनिक अमले की उपस्थिति आम जनता के बीच सुनिश्चित कराकर उनके मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण करने हेतु जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुरूप जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का विशेष प्राथमिकता के साथ समुचित निराकरण अत्यंत आवश्यक है। चंद्रवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों को जिला स्तरीय निवारण शिविर के आयोजन के पूर्व संबंधित क्षेत्र के आम नागरिकों से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में चंद्रवंशी ने बताया कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार आगामी सप्ताह से समय–सीमा की बैठक मंगलवार के स्थान पर अब प्रत्येक सोमवार को सुबह आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोमवार को साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक के पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य शासन द्वारा सभी अधिकारियों को प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने–अपने विभाग एवं कार्यालयों के नस्तियों के निराकरण, विभागीय कार्यों की समीक्षा एवं आम जनता की समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए है। जिसके फलस्वरूप जिला प्रशासन द्वारा साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक मंगलवार के स्थान पर प्रत्येक सोमवार को आयोजित किया जा रहा है।

बैठक में चंद्रवंशी ने सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को विधानसभा प्रश्नों की जानकारी तत्काल प्रेषित करने तथा इसकी एक प्रति जिला कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रेषित करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के समय पर बायोमेट्रिक उपस्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को अपने–अपने कार्यालयों में पहुंचने के पश्चात सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में चंद्रवंशी ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के द्वारा जिले में आयोजित होने वाले कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिले में बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जीएसटी रिटर्न अदायगी के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी विभाग किसी भी स्थिति में जीएसटी रिटर्न को लंबित न रखे। बैठक में चंद्रवंशी ने जिले में मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यों की क्रियान्वयन की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यों का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भर्ती-पदोन्नति नियम में बदलाव पर शालेय शिक्षक संघ का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शालेय शिक्षक संघ ने भर्ती पदोन्नति नियम में किये बदलाव को शिक्षक एलबी संवर्ग के खिलाफ बताया। स्कूल शिक्षा विभाग ने भर्ती पदोन्नति नियम में बदलाव करते हुए नया राजपत्र प्रकाशित किया है, जिस पर विवाद है। शालेय शिक्षक संघ ने नए नियमो को शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए षड्यंत्र बताते हुए कहा कि यह भर्ती पदोन्नति नियम शिक्षा विभाग के कर्मचारियों में सबसे अधिक संख्या वाले, शिक्षक एलबी के हितों पर कुठाराघात है। संघ ने आरोप लगाया कि गुपचुप तरीके से किये गए इस बदलाव में केवल एक संवर्ग विशेष को ही विशेष फायदा पहुचाने के उद्देश्य से किया गया है, नए नियमों के निर्माण से पदोन्नति के स्वाभाविक अवसर खत्म कर सीधी भर्ती को बढ़ावा दिया गया है।

शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा पदोन्नति के अवसर कम कर विभाग के पद सीधी भर्ती में दिए जा रहे। व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल जैसे पद क्या खत्म कर दिए गए, वाणिज्य विषय को सामाजिक विज्ञान मानकर पदोन्नति देने से क्या कला संकाय के शिक्षकों के अवसर और कम कर दिए गए। यह नया भर्ती पदोन्नति नियम पूरी तरह से बहुसंख्यक शिक्षक एलबी संवर्ग के हितों पर कुठाराघात है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा कि एक ओर बीईओ के पद पर प्राचार्यो की प्रतिनियुक्त को घटा कर एबीईओ के पदोन्नति कोटे को 25 प्रतिशत से 75 प्रतिशत कर दिया है। वहीं एबीईओ के पद पर 25 प्रतिशत देकर तुष्टिकरण का प्रयास किया गया है। शिक्षा विभाग के पदों पर विभागीय कर्मचारियों को ही पदोन्नति व प्रतिनियुक्ति का अवसर देना चाहिए। जबकि नए नियम में यह उल्टा हो रहा है। शालेय शिक्षक संघ ने नई भर्ती पदोन्नति नियम को शिक्षक एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा गणना कर क्रमोन्नति, पदोन्नति व पेंशन समेत अन्य लाभ से वंचित करने का षड्यंत्र बताते हुए शीघ्र संशोधित करने की मांग की ।

# सेजस स्कूल सिकोसा में 12वीं के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज:बालोद

सेजस शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला सिकोसा में कक्षा 9 वी, 10 वीं व 11 वीं के छात्र छात्रओं ने 12 वीं के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया।

समारोह के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष खिलावन चंद्राकर थे। अध्यक्षता शाला के प्राचार्य एम.कौशल ने किया। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत सिकोसा प्रीतम ठाकुर, उपसरपंच संजय बारले, वरिष्ठ व्यख्याता केएल.गेंडरे, सांसद प्रतिनिधि डामन चौरे, विधायक प्रतिनिधि कुलेश्वर तिवारी, पंच चौन पटेल, हेमंत चंद्राकर, प्रदीप महिलकर, सुखित लहरे, रेणुका बारले, उमा चौरे, खिलेश्वरी मारकंडे व शिक्षक रहे।

सभी अतिथियों ने 12 वी के विद्यार्थियों को अच्छे अंक लाकर, माता–पिता, गांव व स्कूल के नाम रौशन करने कहा। डामन चौरे, कुलेश्वर तिवारी के द्वारा सभी विद्यार्थियों को पेन भेंट किया व सांसद प्रतिनिधि डामन चौरे के द्वारा टॉप करने वाले विद्यार्थी को 5000 रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा किया। मंच संचालन व आभार 11 वी के छात्रओं के द्वारा किया गया।


# श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद में कल से 11 दिनी मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बालोद व दुर्ग जिले की सीमा पर बसा श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा गांव गुंडरदेही ब्लॉक में आता है। इस गांव के मंदिरों की अपनी विशेष पहचान है। इस क्षेत्र में भगवान विष्णु का काफी प्रसिद्ध मंदिर है। जिसमें विष्णु क्षीरसागर की मुद्रा में विराजमान है। साथ ही माता लक्ष्मी उनके पैर दबाते हुए नजर आ रही है। हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष पर यहां 11 दिनों का मेला लगता है। जिसे देखने दूर दूर से लोग आते हैं। इस बार श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन कल 19 फरवरी गुरुवार से 01 मार्च रविवार 2026 तक किया जा रहा है। यह पावन आयोजन क्षेत्र में धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का विशेष संदेश लेकर आ रहा है।

- क्षीरसागर में शयन करते भगवान विष्णु की अद्भुत महिमा

इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का पावन वाचन पूज्य संत राजीव नयन जी महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) के श्रीमुख से किया जाएगा। कथा का आयोजन 21 फरवरी से 01 मार्च 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संपन्न होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं शामिल होने की अपील किया है। भगवान विष्णु की प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र है। यहां भगवान विष्णु



क्षीरसागर मुद्रा में शेषनाग की शैय्या पर विश्राम करते हुए विराजमान हैं। उनके चरणों में माता लक्ष्मी सेवा भाव से उपस्थित हैं। यह दृश्य सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु की दिव्य लीला का प्रतीक माना जाता है।

सनातन धर्म में भगवान विष्णु को त्रिदेवों में 'पालनहार' की उपाधि प्राप्त है। ब्रह्मा सृष्टि के रचयिता और भगवान शिव संहारक माने जाते हैं, वहीं भगवान विष्णु सृष्टि का पालन करते हैं। जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ा और धर्म की हानि हुई, तब-तब भगवान विष्णु ने विभिन्न अवतार लेकर मानवता की रक्षा की। उनके दशावतार—मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्कि—धर्म स्थापना के प्रतीक माने जाते हैं। क्षीरसागर में शयन की मुद्रा का आध्यात्मिक अर्थ भी गहरा है। यह दर्शाता है कि सृष्टि का संचालन भले ही अनंत गतिविधियों से भरा हो, परंतु परमात्मा शांत और संतुलित भाव से सबका संचालन करते हैं। शेषनाग अनंत काल का प्रतीक है और क्षीरसागर पवित्रता व शुद्धता का संकेत देता है। ओटेबंद के इस मंदिर में स्थापित मूर्ति न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि कला और स्थापत्य की दृष्टि से भी आकर्षण का केंद्र है। यहां दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु भगवान विष्णु के चरणों में सुख-शांति, समृद्धि और संतोष की कामना करते हैं।

मंदिर परिसर में स्थित कदंब वृक्ष को भी श्रीकृष्ण और राधारानी की उपस्थिति से जोड़ा जाता है, जिससे यह स्थान वैष्णव परंपरा का प्रमुख केंद्र बन गया है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष में आयोजित 11 दिवसीय महायज्ञ और भागवत कथा के दौरान यहां भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण निर्मित होता है।

ओटेबंद बगीचा का यह प्राचीन विष्णु मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है, जहां भगवान विष्णु की कृपा से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होने की अटूट आस्था आज भी कायम है। बाजार ठेकेदार गुप्ता व झुला ठेकेदार अनिल सिन्हा ने बताया इस मेला में बडे बडे झुला व मीना बाजार लगाये हैं सभी प्रदेशवासियों से अपिल हैं कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर मीना बाजार मेला का आनंद उठाये।

**आत्मचिंतन करने का दिया संदेश**

# ज्ञान वल्लभ उपाश्रय में मंजुला श्रीजी मसा का आध्यात्मिक प्रवचन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के ज्ञान वल्लभ उपाश्रय प्रांगण स्थित सभागार में सोमवार को प्रवर्तिनी निपुणाश्रीजी मसा की सुशिष्या महासती मंजुला श्रीजी मसा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला में आत्मचिंतन और वासनाओं पर नियंत्रण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सत्संग के वातावरण में सत्य की चर्चा करते हुए व्यक्ति को अपने भावों के आंदोलन और वासनाओं का सूक्ष्म निरीक्षण करना चाहिए। जब दृष्टि पैनी होती है, तभी मनुष्य को यह आभास होता है कि वह वासनाओं के जंजाल में कितनी गहराई तक बंधा हुआ है।

महासती जी ने कहा कि इंद्रियों की शक्ति बढ़ने के साथ विषय-वासना भी प्रबल होती जाती है, जो जटिल कर्म बंध का कारण बनती है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आत्ममंथन करने का आह्वान करते हुए कहा कि हमारी दृष्टि परमात्मा की अपेक्षा पैसे पर अधिक केंद्रित रहती है, यही मिथ्या दृष्टि है। बाह्य जगत का विषय धन है, जबकि आंतरिक जगत का परमानंद परमात्मा है। मानव जीवन धन-संग्रह के लिए





नहीं, बल्कि सम्यग दर्शन और परमात्म दर्शन के लिए मिला है। राजा भोज के आध्यात्मिक जीवन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संतों की जिह्वा पर उन्हीं का नाम आता है। जिनका व्यक्तित्व और कृतित्व महान होता है। राजा भोज ने वासनाओं पर विजय प्राप्त कर निस्वार्थ परमार्थ का जीवन जिया। उन्हें पाप-पुण्य पर अटूट विश्वास था। उन्होंने कहा कि जहां पुण्य की राशि होती है, वहां आपत्ति टिक नहीं सकती। महासती जी ने परिग्रह संज्ञा की विवेचना करते हुए कहा कि संग्रह के बाद भी शांति नहीं मिलती, बल्कि संग्रह की प्रवृत्ति और बढ़ती जाती है। यह मानव जीवन संग्रह के लिए नहीं, बल्कि परमात्म पद की प्राप्ति के लिए है। लक्ष्य, दृष्टिकोण और भावना में परिवर्तन ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है।

साध्वी महासती प्रवचन प्रवीणा स्नेहयशा श्रीजी मसा ने बताया कि नगर के शांतिनाथ जिनालय में रजत ध्वजा महोत्सव के अंतर्गत 17 फरवरी को श्री जिनकुशल सूरी दादा गुरुदेव के स्वर्गारोहण दिवस पर विशेष पूजा एवं प्रवचन सभा आयोजित हुई। साथ ही गुप्त एकासना तप की आराधना भी की गई। सेवाभावी महासती सिद्धांतनिधि श्रीजी मसा ने अपने प्रवचन में कहा कि अनंत पुण्य के फलस्वरूप मनुष्य भव और जिनशासन की प्राप्ति होती है। यदि इसका मूल्य न समझा जाए तो मानव जीवन का कोई अर्थ नहीं रह जाता।

उन्होंने पांच प्रकार के आनंद—राजसी, तामसिक, सात्विक, तात्विक और आध्यात्मिक—की व्याख्या करते हुए सात्विक, तात्विक एवं आध्यात्मिक आनंद की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बालिका मंडल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मिश्रीलाल लोढ़ा एवं शीतल पारख ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उपाश्रय प्रांगण में साध्वी वृंद के आगमन पर बालिकाओं एवं महिलाओं ने शगुन के साथ स्वागत किया।

# एसडीएम बघेल ने बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन, बांटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





डौंडीलोहारा एसडीएम श्री बघेल ने इस वर्ष अपना जन्मदिन अनोखे और सराहनीय अंदाज में मनाते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जाटादाह, संकुल सहगांव के विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर सादगी एवं सामाजिक सरोकार का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया और सभी विद्यार्थियों को न्योता भोज कराकर खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बघेल ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, नियमित अध्ययन, स्वच्छता एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अतिथियों का स्वागत किया तथा पूरे कार्यक्रम में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस पहल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं सामाजिक संवेदनशीलता का विकास करते हैं।

- शाला जाटादाह में कराया न्योता भोज, शिक्षा का दिया संदेश

विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर आशीष कुमार पेंड्रो, तहसीलदार नायक (डौंडीलोहारा), तहसीलदार प्रीतम साहू (देवरी), सीईओ पंकज देव (डौंडीलोहारा), नायब तहसीलदार चंद्राकर, कृषि विस्तार अधिकारी कश्यप, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडीलोहारा हिमांशु मिश्रा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी यशवंत साहू, संकुल समन्वयक गिरीश कुमार निर्मोही (सहगांव), मोहित भोसार्य, सरपंच नीता रावटे (जाटादाह), प्रधान पाठक मंगिया राम गावड़े, प्रधान पाठिका योगिता ठाकुर, शिक्षिका पूजा साहू, सहायक शिक्षक केशव लाल गंजीर, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष रामकुमार दुग्गा सहित समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने आभार व्यक्त करते हुए ऐसे प्रेरणादायी आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जैन युवा शक्ति का पुनर्गठन, रजत श्रीश्रीमाल बने अध्यक्ष

**बालोद।** जैन श्री संघ से सम्बद्ध समाज सेवा एवं जीव दया के कार्यो में अग्रणी और महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाली युवाओं की संस्था जैन युवा शक्ति का पुनः गठन किया गया, जिसमें जैन श्री संघ के वरिष्ठ जनों एवं जैन युवा शक्ति के पूर्व अध्यक्षो की सहमति से जैन समाज बालोद के सक्रिय युवा रजत श्रीश्रीमाल को जैन युवा शक्ति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

उनकी नियुक्ति पर जैन श्री संघ अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने बधाई देते हुए बताया कि समाज मे सेवाभावी एवं कर्तव्य निष्ठ युवाओं को जैन युवा शक्ति के माध्यम से सेवा करने का अवसर दिया जाता है, अब तक कि उपलब्धि से जैन युवा शक्ति बालोद का नाम पूरे प्रदेश में जाना जाता है, सामाजिक, धार्मिक एवं जीव दया के क्षेत्र में यह संस्था अग्रणी भूमिका निर्वहन करते आई है, जैन युवा शक्ति के हर आयोजन में समाज के सभी लोगो का भरपूर योगदान रहा है और आगे भी रहेगा।



पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने कहा कि जैन युवा शक्ति के गठन का उद्देश्य ही सामाजिक समरसता को बढ़ाते हुए सेवा कार्यो में अग्रणी रहने युवाओं को आगे लाने का एक प्रयास था, जिसके प्रतिफल सभी अध्यक्षो ने अपनी टीम के साथ बखूबी दायित्त्व निर्वहन किया है और प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। रजत श्रीश्रीमाल के अध्यक्ष बनने पर जैन श्री संघ के सलाहकार ओमप्रकाश टाटिया, रूपचंद गोलछा, हरीश सांखला, मनीष कोठारी, सचिव मांगीलाल ढ़ेलडिया, उपाध्यक्ष चेतन ढ़ेलडिया, मुकेश भंसाली, कोषाध्यक्ष प्रकाश भंसाली, सहसचिव नीलेश नाहटा, प्रदीप गोलू चोरडिया, विनोद श्रीश्रीमाल, संजय ढ़ेलडिया, अरुण बाफना, इन्दरचंद ढ़ेलडिया, लक्की लोढा, महावीर बाफना, शुभम श्रीश्रीमाल, प्रवीण रतन बोहरा, पार्षद दीपक लोढा, आनन्द बाफना, शुभम नाहटा, आशीष ढ़ेलडिया, शशांक लोढा, सौरभ श्रीश्रीमाल, श्रेयांस भंसाली, विमल रतन बोहरा, समकित सांखला, चिराग ढ़ेलडिया सहित समाज के अनेक लोगो ने हर्ष व्यक्त की है।



## खबर संक्षेप



### श्री बाबा रामदेव मंदिर में आज चंद्रदर्शन महाआरती

**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा बालोद में 18 फरवरी बुधवार को चंद्रदर्शन महाआरती संध्या 7:30 बजे से प्रारंभ होगी। श्री रामदेव बाबा धर्मार्थ सेवा समिति बालोद व मंदिर आयोजन समिति के बाबूलाल जैन ने महाआरती में सभी भक्तों से उपस्थित होने की अपील की है।

### जिला खेल अधिकारी कार्यालय अब संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित

**बालोद।** जिला खेल अधिकारी कार्यालय का स्थल परिवर्तन कर दिया गया है। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि जिला खेल अधिकारी कार्यालय का संचालन अब संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 67 में किया जाएगा। इससे पूर्व यह कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में संचालित होता था।

### अहिवरन नवागांव विद्यालय में प्रधान पाठक ने पदभार संभाला



**डौंडीलोहारा।** कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा, संभाग दुर्ग के आदेशानुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अहिवरन नवागांव, संकुल कसहीकला, विकासखंड डौंडीलोहारा में टेसलाल जामडे ने पदोन्नत प्रधान पाठक के रूप में सोमवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं पालकों ने पुष्पगुच्छ, पुष्पहार एवं पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और गरिमामय रहा। पदभार ग्रहण के पश्चात प्रधान पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय में सभी शिक्षकों और पालकों के सहयोग से पर्याप्त संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ शारीरिक एवं योग शिक्षा पर विशेष जोर देने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक श्री भागवत प्रसाद साहू, देवेश कुमार देवांगन, जागेश्वरी वैका, उत्तरा पटेल, योगेश कुमार, देवेंद्र हरमुख सहित एसएमसी अध्यक्ष गजेंद्र तारम एवं ग्रामीण समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे।

### स्कूलों में शिक्षक मिले गैरहाजिर, थमाया नोटिस

**भिलाई।** जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने जिले के आधा दर्जन पीएम श्री स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई स्कूलों के शिक्षक नदारद मिले। विद्यार्थियों की उपस्थिति भी कम मिली। मध्यांह भोजन बच्चे ऐसी जगह पर करते मिले जहां साफ सफाई नहीं थी। ऐसे लापरवाह शिक्षकों और संस्था प्रमुखों को नोटिस थमाया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने शासकीय उच्चतर मा शाला गिरहोला , पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अहिवारा , जामुल , बालाजीनगर व पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जरवाय, बालाजीनगर , बानबरद तथा शास प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला गिरहोला , अहिवारा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## पर्व : आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया व महाप्रसादी किया वितरण

# महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शिव कृपा मानस समिति शिकारीपारा बालोद द्वारा शिव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। शिव जी की विशेष पूजा में पंचामृत अभिषेक पंडित प्रकाश शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। जिसमें यजमान त्रिलोक साहू सहपत्निक रहे।

अखंड रामायण पाठ में समिति के सदस्यों के परिवार और श्रद्धालु भक्तों की सहभागिता रही। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समिति द्वारा अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण निर्धारित समय में किया गया, जिसमें लोगों की भीड़ देखने को मिली। दो दिवसीय अखंड रामायण का समापन दूसरे दिवस हवन पूजन एवं महाप्रसादी के साथ पूर्ण हुआ। कार्यक्रम में रामलाल तिवारी, मातेश्वर चतुर्वेदी, पीएल. देशमुख, हंसमुख पटेल, हितेश पटेल, भरत गांधी, संतोष ठाकुर, अशोक देवांगन, सोहन पटेल, कैलाश नंद, शरद विभूते, त्रिलोक साहू, नारायण ठाकुर, नवीन चतुर्वेदी, राजेंद्र साहू, शशांक वैष्णव, गन्नू लाल देवांगन, अभिषेक शर्मा, वार्ड के शिव कृपा मानस महिला मंडली के अध्यक्ष अनीता देशमुख एव कल्याणी कौशिक के साथ समिति के महिला सदस्यों का योगदान रहा।

## महाशिवरात्रि पर शिव कुंज रामेश्वर धाम में रामायण एवं लोक कला महोत्सव हुआ

### पूर्व सांसद मोहन मांडवी एवं पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू रहे मुख्य अतिथि



**बालोद।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रामायण एवं लोक कला महोत्सव का कार्यक्रम शिव कुंज रामेश्वर धाम प्रांगण सतमरा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर मोहन मांडवी व पूर्व विधायक गुण्डरदेही विरेन्द्र साहू थे। अध्यक्षता सभापति संचार संकर्म एवं निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने किया। अति विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष ग्रामीण साहू सियनमरा गोपी राम साहू, पूर्व जनपद सदस्य गुण्डदेही तेजराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य गुण्डरदेही उत्तम कुमार चंदन, डॉ डामन लाल, महेंद्र कुमार साहू, डॉक्टर परमेश्वर जेठूमर, सीताराम गंजीर, जवाहरलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष बिलौदी नेतराम साहू उपस्थित थे। भगवान श्री रामचंद्र के चरणों में फूलमाला अर्पण कर सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मोहन मंडल ने कहा कि आपके गांव में 28 साल पूर्ण हो चुका है, रामायण होते हुए मैं आपके गांव से बहुत ही प्रभावित हू। अध्यक्षता डॉ गंजीर ने युवाओं को जगाने का काम किया और रक्तदान के लिए प्रेरित किया। डॉक्टर गंजीर ने कहा कि मै स्वयं 46 बार रक्तदान दिया हूं और हजारों लोगों को रक्त दिलवाने के काम करता हू, यहां के समस्त युवा साथियों से निवेदन किया कि आप भी रक्तदान करें। इस अवसर पर जय गंगा मैया पंडवानी की प्रस्तुति हुई। आयोजक समिति के संरक्षक एवं सरपंच सोनाऊराम सन्नी साहू, पंच व ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्राचीन शिव मंदिर का जीर्णोद्धार महाशिवरात्रि पर हुई प्राण प्रतिष्ठा



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम रजोली भाटापारा के सिमनी तालाब के समीप स्थित पुरानी शिव मंदिर का जीर्णोद्धार दानदाताओं व ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर भगवान शंकर एवं माता पार्वती की मूर्ति का विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इस मंदिर की भक्तिन पुजारन माता सगनी बाई निषाद लटियारिन दाई ने बताया कि वे इस मंदिर में पिछले 30 वर्षों से यहीं पर रह कर मंदिर की देख रेख व सेवा कर रही है। मंदिर की छत व दिवारें बहुत पुरानी हो गई थी, जिसके जीर्णोद्धार के लिए दानदाताओं एवं ग्रामीणों ने सहयोग कर मंदिर का पुनः निर्माण कराया वहां पर भगवान शिव शंकरजी एवं माता पार्वती की बड़ी मूर्ति स्थापित किया गया।

### महाशिवरात्रि पर नव चेतना संगठन ने किया महाप्रसादी हलवा वितरण



**बालोद।** नव चेतना समाजसेवी संगठन ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कपिलेश्वर मंदिर में महाप्रसादी हलवा वितरण का आयोजन किया। समिति ने बताया यह संगठन प्राकृतिक संरक्षण, जीव–दया, सामाजिक सेवा, धर्म और संस्कृति के संवर्धन जैसे पुण्यशील कार्यों के माध्यम से समाज में करुणा, चेतना और दायित्व की भावना को सशक्त बनाने में निरंतर अग्रसर है। महाप्रसादी वितरण के इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कपिलेश्वर मंदिर, जो अपने पौराणिक और जागृत स्वरूप के लिए प्रसिद्ध है, प्रतिवर्ष विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इस वर्ष नव चेतना समाजसेवी संगठन को इस महान सेवा कार्य में सहभागी होने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसे सभी सदस्यों ने आभार और गर्व के भाव के साथ संपन्न किया। संगठन की संचालिका पद्मिनी देवेंद्र साहू ने मंदिर समिति के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा हमारा यह प्रयास केवल सेवा का कार्य नहीं, बल्कि समाज में चेतना और सद्भावना फैलाने की पहल है। भविष्य में भी यदि हमारी सेवा की आवश्यकता होगी, तो हम हमेशा तत्पर रहेंगे। इस कार्यक्रम में संगठन की संयोजिका पद्मिनी देवेंद्र साहू, सहसंयोजिका दुर्गा जोशी, सचिव डिलेश्वरी साहू, सहसचिव रीता पाठक, कोषाध्यक्ष रुखमणी कोसरे, सहकोषाध्यक्ष वंदना यादव, सरिता साहू, ज्योति कौशल और सुशीला गरिया सहित अन्य महिलाओं ने भागीदारी से आयोजन को सफल बनाया।

## भागवत कथा का छठवें दिन, सुदामा चरित्र का किया मार्मिक वर्णन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

आठे परिसर बटरेल में भागवत कथा के 6वें दिन सोमवार को रांका, डोंगरगढ़ वाले कथावाचक पंडित तिलेंद्र महाराज ने सुदामा चरित्र पर कथा सुनाया। प्रवचन में भक्त गण समय समय पर भक्ति संगीत में झूमते गाते रहे।

- सच्ची मित्रता छल-कपट से परे : पंडित

भागवताचार्य पंडित तिलेंद्र ने कहा कि वासुदेव श्री कृष्ण ने गरीब ब्राम्हण सुदामा के साथ जो मित्रता निभाई वह इतिहास के पन्नों में ऐसा दर्ज हुआ है कि कोई भी मित्र अपने मित्र से ऐसा संबंध स्थापित कर मिशाल बन सकता है। पंडित श्री ने कहा कि मित्रता छल कपट प्रपंच से परे हो, तभी वह मित्रता है, एक मित्र संकट में हो तो कानों कान उन्हें खबर ना लगे और दूसरा मित्र संकट मोचन बन जाए। संकट में साथ दे वहीं सच्चा मित्र है।

भागवताचार्य तिलेंद्र महाराज ने कहा कि क्रोध में किया गया काम अच्छा परिणाम नहीं देता। क्रोध में निकली हुई वाणी संबंधों को बर्बाद करने वाली होती है। कभी क्रोध आए तो उस समय शांत होकर ना काम और ना ही बोले, बल्कि चिंतन करे, कर्मो का फल सामने आया है जिसकी निर्जरा करना है। थोड़ी देर बाद जब शांत चित्त हो जाए तो स्वयं के इस फैसले का लाभ भी समझ आ जाएगा और संबंधों में आने वाली खटास से बचा जा सकता है।

महराज श्री ने कहा कि बच्चों को जन्म देने के बाद अच्छे संस्कार दोगे तभी अच्छे माता, पिता कहलाओगे। दूसरे की संपत्ति देखकर लालच नहीं करना चाहिए। किसी का दिल दुखाकर अपना घर नहीं बनाना चाहिए। संपत्ति इतना कमाना की परिवार न टूटे, जल्दबाजी में कोई काम नहीं करना चाहिए, सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। इस दौरान कृष्ण भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा में नकुल आठे, सहदेव आठे, महेंद्र आठे, रेवा आठे, बल्लू आठे, भेष आठे, ऐमन आठे, प्राण आठे, गिरीश साहू समेत श्रद्धालु उपस्थित थे।

## दो दिनी मानसगान सम्मेलन श्रद्धा के साथ संपन्न

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में 14 एवं 15 फरवरी 2026 को आयोजित दो दिवसीय भव्य मानसगान सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न। भगवान श्रीरामचंद्र जी की कृपा से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर रामचरितमानस के मधुर प्रसंगों का श्रवण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को विधि-विधान एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ था। दो दिनों तक चले इस सम्मेलन में विभिन्न मंडलियों द्वारा मानसगान की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी गईं, जिससे पूरा वातावरण राममय बना रहा। इस आयोजित समापन समारोह में भरथरी गायिका हेमलता साहू का सम्मान किया गया।

उनकी प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी क्षेत्र के जनपद सदस्य बेला यादव भी उपस्थित रहीं और उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए ग्रामीणों को बधाई दी। आयोजन को सफल बनाने में श्री विश्वरूप नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी, जिला दुर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में गांव के पांचवी, और आठवीं कक्षा में प्रथम द्वितीय आने वाले बच्चों का प्रशस्वी पत्र देकर सम्मान किया गया। इस समापन समाहरोह के अतिथि जनपद सदस्य बेला यादव, मंच संचालक थानुराम देवांगन, नरेंद्र देशमुख, मालिक राम साहू, बी. एन. भारद्वाज, डा. के. एल. दिल्लीवार, सचिव भुनेश्वर साहू, सरपंच चिंगरी पुष्पा बाघमारे, पूर्व सरपंच पुष्पा देशमुख, पूर्व सरपंच विजय साहू,गांव सालिक राम निर्मलकर, विश्वरूप नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी उपस्थित थे।



## श्रीमद्भागवत कथा का तृतीय दिवस भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम चिल्हाटी कला में श्रीमद् भागवत महापुराण गुमान पटेल एवं समस्त ग्रामवासी के द्वारा आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्रीमद् भागवत के तृतीय दिवस में महाराज कृपाशंकर मिश्र जी द्वारा भक्त प्रहलाद के जीवन संघर्ष को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। महाराज कृपाशंकर मिश्र जी ने भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। जिसमें कहा कि भक्त पर संकट आने पर भगवान भक्त की रक्षा करने के लिए दौड़े चले आते हैं। भक्त के प्रति भगवान का स्नेह अपार होता है और भक्त पर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहती है। ईश्वर अपने भक्तों पर सदा कृपा बनाए रखते है और उन्हें सुख समृद्धि प्रदान करते है। महाराज कृपा शंकर मिश्र जी ने कथा में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हिरणकश्यप नामक दैत्य ने घोर तप किया, तप से प्रसन्न होकर ब्रम्हाजी प्रकट हुए व कहा कि मांगों जो मांगना है, यह सुनकर हिरण्याक्ष ने अपनी आंखें खोली और ब्रम्हाजी को अपने समक्ष खड़ा देखकर कहा-प्रभु मुझे केवल यही वर चाहिए कि मैं न दिन में मरूं, न रात को, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न ही मैं पानी में डूबकर मरूं, सदैव जीवित रहूं। उन्होंने उसे वरदान दिया। प्रहलाद का जन्म हिरण्यकश्यप के घर हुआ था, जो भगवान विष्णु का कट्टर विरोधी था। लेकिन प्रहलाद भगवान विष्णु का भक्त था और उसकी भक्ति बहुत ही दृढ़ थी।



- भगवान हर हाल में करते है भक्त की रक्षा : महराज कृपाशंकर मिश्र

प्रहलाद की माता कया थी, जो भगवान विष्णु की भक्त थी। उसने अपने गर्भ में ही प्रहलाद को भगवान विष्णु की भक्ति की शिक्षा दी थी। प्रहलाद के जन्म के बाद, हिरण्यकश्यप ने उसे गुरु के पास शिक्षा प्राप्त करने के लिए भेजा। लेकिन प्रहलाद ने गुरु की शिक्षा को न मानकर भगवान विष्णु की भक्ति को ही अपना लिया। प्रहलाद की भक्ति को देखकर हिरण्यकश्यप बहुत क्रोधित हुआ और उसने प्रहलाद को मारने की कई कोशिश की। लेकिन भगवान विष्णु ने हर बार प्रहलाद की रक्षा की। अंत में, भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध किया और प्रहलाद को बचाया। महाराज जी ने कहा-भगवान हर परिस्थिति में भक्त की रक्षा करते है।

## भक्ति और राममय वातावरण से गूंजा पूरा क्षेत्र

# भेंडरा में गूंजा राम नाम: एक दिनी मानसगान सम्मेलन ने बांधा भक्ति का समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



जिले के ग्राम भेंडरा में एक दिवसीय मानसगान सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन ने क्षेत्र को भक्तिमय और राममय बना दिया। ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में सुदूर अंचलों से आई मानस मंडलियों ने संगीतमय रामकथा की अमृत वर्षा की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर भगवान श्रीराम की पूजा–अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर द्वारा दीप प्रज्वलन कर और भगवान राम के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। सम्मेलन में भाग लेने वाली विभिन्न मानस मंडलियों ने अपनी प्रसंगानुसार आज के परिवेश मे उसका मानव जीवन मे उसकी उपयोगिता बताई। वाद्य यंत्रें के माध्यम से रामचरितमानस की चौपाइयों का गायन किया। भेंडरा गांव का प्रांगण दर्शकों और श्रद्धालुओं से भरा रहा और रामचंद्र के उद्घोष गूंजते रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि भगवान रामचन्द्र जी का चरित्र केवल सुनने के लिए नहीं बल्कि जीवन में उतारने के लिए है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन मर्यादा, त्याग और आदर्शों का प्रतीक है। आज के समय में उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना ही सबसे बड़ी मानवता है। यह कार्यक्रम उन्हीं के आशीर्वाद से सफल हो रहा है और ग्राम भेंडरा में भक्ति का अद्भुत माहौल निर्मित हुआ है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ग्राम समिति और ग्रामीणों की सराहना की। सम्मेलन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन ने गांव में धार्मिक चेतना जगाई और आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द को भी मजबूती प्रदान की।

इस दौरान प्रमुख रूप से माधुरी साहू सरपंच, तरुण खुटेल उपसरपंच, पूर्णिमा साहू पंच, ललिता साहू पंच, कामता दास मानिकपुरी कोटवार, केवलचन्द साहू अध्यक्ष आयोजक समिति, सुबेचंद साहू, सुरेन्द्र निषाद, उमाशंकर साहू, उद्घोषक दिनेश कर्माकर सहित धर्मप्रेमी जनमानस की उपस्थिति रही।

